दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 / अंक 42 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, मंगलवार, 11 अप्रैल 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
विदेश व्यापार बढ़ने का परिदृश्य
प्रदेश के पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को
मूल्य- 2 रु.



# प्रदेश की महिलाएं अपनी क्षमता एवं दक्षता से बढ़ा रही है राज्य का गौरव और सम्मान : मुख्यमंत्री

सुमित तिवारी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति अपनी क्षमता एवं दक्षता से राज्य का सम्मान तथा गौरव बढ़ा रही है। प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली परम्परा को आगे बढाने का दायित्व भी हमारी नारी शक्ति बखूबी निभा रही है। हमारी संस्कृति अर्द्धनारिश्वर की उपासना के साथ देवियों की पूजा की परम्परा रही है। सोमवार को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उत्तराखण्ड की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला शक्ति को महाशक्ति बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में तो स्त्री ही सृष्टि की समग्र अधिष्ठात्री है, क्योंकि नारी सृजनात्मक शक्ति का प्रतीक होने के साथ ही संस्कृति एवं परंपराओं की संवाहक होती हैं एवं आदिकाल से भारतीय संस्कृति में महिलाओं को काफी ऊंचा स्थान हासिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई, अहिल्याबाई होल्कर एवं सती सावित्री जैसी अनेक नारियों ने अपनी क्षमता के बूते समय-समय पर इसको प्रमाणित करने का कार्य किया। हमारी सांस्कृतिक विरासत में मां का स्थान सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पुनः अपनी पुरातन विचार संस्कृति की ओर लौट रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी महिला कार्यकर्ताओं पर प्रदेश की आधी आबादी के प्रतिनिधित्व की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, हमारे देश और प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी आप पर है। हमारी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास अपार उपलब्धियां और योजनाएं है और इन उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर हर बहन तक पहुंचने की जिम्मेदारी महिला मोर्चा की है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा लगातार पार्टी के कार्यक्रमों के साथ ही रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में महिला मोर्चा और भी महत्वपूर्ण कार्य करेगा। महिला शक्ति ही महाशक्ति है इसलिए महिला मोर्चा की आप सभी उत्साही कार्यकर्ता जब घर-घर संपर्क करेंगी तो जनता का हमारे प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा।




**मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास अपार उपलब्धियां और योजनाएं है और इन उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर हर बहन तक पहुंचने की जिम्मेदारी महिला मोर्चा की है।**



## छोटी खबरें

### यूपी में निकाय चुनावों का ऐलान
## दो चरणों में होगी वोटिंग




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग ने बताया कि यूपी में निकाय चुनाव दो चरणों में होने हैं, जिसमें पहले चरण के तहत वोटिंग 4 मई को और दूसरे चरण के लिए 11 मई को मतदान होगा। वहीं, 13 मई को नतीजे जारी किए जाएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में चुनाव आचार संहिता भी लागू कर दी गई। इसके तहत निर्वाचन अधिकारी पहले चरण की अधिसूचना 11 अप्रैल को और दूसरे चरण की अधिसूचना 17 अप्रैल को जारी करेंगे। नामांकन पत्रों की खरीद और जमा करने की तारीख पहले चरण के लिए 11 अप्रैल से 17 अप्रैल होगी। वहीं दूसरे चरण के लिए 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक होगी। निर्देश पत्रों की समीक्षा पहले चरण के लिए 18 अप्रैल और दूसरे चरण के लिए 25 अप्रैल को होगी। नामंकन वापसी पहले चरण में 20 अप्रैल को और दूसरे चरण के लिए 27 अप्रैल को होगी। पहले चरण के लिए प्रतीक (निशान) का आवंटन 21 अप्रैल को किया जाएगा। दूसरे चरण के लिए प्रतीकों का आवंटन 28 अप्रैल को किया जाएगा।

## मायावती ने नगर निगम चुनाव भी मतपत्र से करवाने की मांग की



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को मांग की हैं कि उत्तर प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव मत पत्र (बैलट पेपर) से कराए जाएं। उन्होंने एक पत्रकार वार्ता में कहा, नगर निगम का चुनाव ईवीएम से नहीं बल्कि मतपत्रों से ही कराएं। इसके अलावा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष कराएं जाए, यह हमारी सरकार से और संबंधित अधिकारियों से यह हमारी मांग है। मायावती ने कहा कहा कि बसपा ने यह चुनाव (निकाय चुनाव) पूरी तैयारी और दमदारी के साथ लडने का फैसला लिया है, उत्तर प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुए राज्य चुनाव आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार को पत्रकारों को बताया था कि चुनाव दो चरणों में चार मई तथा 11 मई को होगा जबकि 13 मई को मतों की गिनती की होगी।



## हिमाचल प्रदेश के केलांग में शादी और त्योहारों में बीयर परोसे जाने पर पाबंदी लगी

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश में आदिवासी बहुल लाहौल और स्पीति जिले में केलांग पंचायत ने त्योहारों और शादियों में बीयर परोसे जाने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया है ताकि ऐसे आयोजनों में फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाया जा सके। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पंचायत प्रमुख सोनम जांगपो ने बताया कि रविवार को हुई ग्राम सभा की बैठक में शादियों और अन्य त्योहारों पर बीयर परोसने पर रोक लगाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में शादियों और अन्य समारोहों में बाहरी संस्कृतियों के मिश्रण पर अंकुश लगाने पर भी चर्चा हुई। जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध ने उम्मीद जताई कि इस संबंध में जल्द ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा क्योंकि युवा भी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के बारे में चिंतित हैं। बैठक में केलांग बाजार में वाहनों की एकतरफा आवाजाही व्यवस्था शुरू करने, स्वच्छता बनाए रखने, पंचायत के सौंदर्ईकरण और पर्यटकों को अन्य गंतव्यों की ओर ले जाने पर भी चर्चा की गई।

## कोरोना संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 35,199 हुई

**नई दिल्ली, (भाषा)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,880 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,62,496 हो गई है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 35,199 पर पहुंच गई है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली तथा हिमाचल प्रदेश में चार-चार और गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र तथा राजस्थान में एक-एक मरीज की मौत होने के बाद देश में संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,979 हो गई। साथ ही, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में दो नाम और जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी 35,199 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.8 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.73 प्रतिशत है। देश में संक्रमण की दैनिक दर 6.91 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 3.67 प्रतिशत है। अभी तक कुल 4,41,96,318 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं।



## मृतपाल सिंह का करीबी सहयोगी पपलप्रीत सिंह गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाबा के होशियारपुर से कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल के करीबी सहयोगी पपलप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पपलप्रीत को पंजाब पुलिस ने एक अभियान में गिरफ्तार किया जिसमें खुफिया ईकाई भी शामिल थी। पुलिस ने बताया कि पपलप्रीत को अमृतपाल का गुरु माना जाता है और वह कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। पंजाब पुलिस द्वारा खालिस्तान समर्थकों और उनके सहयोगियों के खिलाफ 18 मार्च को शुरू की गई कार्वाई के दिन से ही अमृतपाल और पपलप्रीत फरार थे।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

## संपादकीय

# भाजपा का भी परिवारवाद

भाजपा के जन्मदिवस पर पार्टीजनों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर 'वंशवाद' या 'परिवारवाद' का मुद्दा उठाया था। उसके मद्देनजर कांग्रेस और कई विपक्षी दलों पर राजनीतिक प्रहार भी किए थे। संयोग था कि उसी दिन पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को भाजपा की सदस्यता दी गई। एक और कांग्रेसी चेहरा भाजपा में शामिल हुआ। अनिल सनातन ईसाई हैं और केरल में ईसाइयों की आबादी करीब 20 फीसदी है। एके एंटनी केरल के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। हालांकि हिन्दुओं की आबादी करीब 55 फीसदी है, लेकिन केरल के हिन्दूवादी अभी तक भाजपाई या संघी नहीं हो पाए हैं, लिहाजा उस राज्य में भाजपा की स्थिति आज भी नगण्य है। संभव है कि भाजपा अनिल एंटनी को 'ईसाई नेता' के तौर पर पेश करे और उस समुदाय की स्वीकृति पाने की कोशिश करे, लेकिन अनिल कोई जनाधार वाले नेता नहीं हैं। उनके राजनीतिक करियर की भी शुरुआत है। 'ईसाई नेता' के तौर पर उनकी चुनावी परख अभी होनी है। भाजपा का चुनावी गणित यह भी है कि कुछ अल्पसंख्यक धड़ों को भी पार्टी के साथ जोड़ा जाए। हालांकि आरएसएस लंबे वक्त से केरल में सक्रिय रहा है, लेकिन वहां के हिन्दुओं को आत्मा के स्तर पर वह न तो जोड़ पाया है और न ही भगवान श्रीराम, कृष्ण और महादेव आदि के प्रति कोई दैवीय आकर्षण, आध्यात्मिक आस्थाएं पैदा कर पाया है। हालांकि केरल के हिन्दूवादी भगवान विष्णु और गणेश के अवतार-भगवानों की आराधना करते हैं।

शानदार समारोह मनाते हैं, लेकिन वोट या तो वाममोर्चे को अथवा कांग्रेस नेतृत्व वाले मोर्चे को ही देते रहे हैं। इसका तार्किक, आध्यात्मिक अथवा वैचारिक जवाब हम नहीं दे पाएंगे। वर्ष 2004 के चुनाव से पहले पीसी थॉमस केरल कांग्रेस से अलग होने वाले समूह के साथ भाजपा-एनडीए से जुड़े थे। उन्होंने वाम और कांग्रेसी मोर्चों के उम्मीदवारों को पराजित कर लोकसभा चुनाव जीता था, लेकिन 2006 में सर्वोच्च अदालत ने उनका चुनाव रद्द कर दिया था, क्योंकि उन्होंने धर्म के आधार पर जनादेश मांगा था। केरल में भाजपा के कुछ विधायक तो चुने गए हैं, लेकिन ऐसा कोई कद्दावर नेता नहीं है, जिसके नेतृत्व में आम चुनाव लड़ा जा सके। बहरहाल मुद्दा परिवारवाद का था। अनिल एंटनी भी इसी जमात का नया चेहरा हैं, बेशक पिता-पुत्र अलग-अलग राजनीतिक दलों में हैं।

प्रधानमंत्री मोदी अथवा भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता 'वंशवाद' और 'परिवारवाद' की अलग-अलग परिभाषाएं देकर अपने 'परिवारवाद' को पेशेवर करार देते रहे हैं, लेकिन विजयराजे सिंधिया, राजनाथ सिंह, कल्याण सिंह, वेदप्रकाश गोयल, सीपीएन सिंह, जितेन्द्र प्रसाद, यशवंत सिन्हा, प्रेम कुमार धूमल, अमित शाह, मदनलाल खुराना, अखिलेश कुमार सिंह, साहिब सिंह वर्मा आदि भाजपा और अन्य नेताओं की लंबी सूची है, जिनके पुत्र-पुत्री आज भाजपा के ख्यात नेता-सांसद-विधायक हैं। यह परिवारवाद नहीं है, तो क्या है? बेशक कांग्रेस और गांधी परिवार वाली स्थिति नहीं है। इन नेताओं का एकाधिकार या वर्चस्व नहीं है, लेकिन हकीकत यह है कि बच्चों को राजनीति में पांव जमाने का मौका पिता के जरिए ही मिला। यदि यह परिवारवाद नहीं होता, तो आम आदमी की तरह इन चेहरों को भी धक्के खाने पड़ते।

# विदेश व्यापार बढ़ने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी



यकीनन इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी देश के निर्यात और विदेश व्यापार बढने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। भारत ने वित्त वर्ष 2020-21 में गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट में 676 अरब डॉलर मूल्य का रिकार्ड निर्यात किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से निर्यात 767 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर है। निःसंदेह देश निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय भारत के तेजी से बढ़ते निर्यातों का ग्राफ इस बात का प्रतीक है कि भारतीय उत्पादों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। यदि हम उत्पाद निर्यात के नए आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पाते हैं कि प्रमुख रूप से निर्यात अमेरिका, यूएई, चीन, बांग्लादेश व नीदरलैंड को भी बड़े पैमाने पर निर्यात किए गए हैं। निर्यात उत्पादों के मद्देनजर पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, इंजीनियरिंग उत्पाद, चमड़ा, कॉफी, प्लास्टिक, रेडीमेड परिधान, मांस एवं दुग्ध उत्पाद, समुद्री उत्पाद और तंबाकू की निर्यात वृद्धि में अहम भूमिका रही है। साथ ही उच्च इंजीनियरिंग निर्यातों, परिधान और वस्त्र निर्यात आदि से संकेत मिलते हैं कि यह धारणा धीरे-धीरे बदल रही है कि भारत प्राथमिक जिंसों का ही बड़ा निर्यातक है। अब भारत के द्वारा अधिक से अधिक मूल्यवर्धित और उच्च गुणवत्ता वाले सामानों का निर्यात भी किया जा रहा है।

यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत विश्व पटल पर कृषि निर्यात के नए उभरते हुए देश के रूप में उपस्थिति दर्ज करते हुए मानवता के आधार पर दुनिया के जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहा है। भारत से खाद्य पदार्थों अनाज, गैर बासमती चावल, गेहूं, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। कृषि एवं प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में खाद्य उत्पादों का निर्यात 25 अरब डॉलर था, यह वर्ष 2022-23 से 30 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। गहराई से कृषि निर्यात परिदृश्य का अध्ययन करने के बाद कृषि निर्यात से सुधार के लिए रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि रिकॉर्ड स्तर पर दिखाई दे रहा है। वल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा प्रकाशित वैश्विक कृषि व्यापार में रुझान रिपोर्ट 2021 के मुताबिक दुनिया में कृषि निर्यात में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया है। देश के कुल निर्यात में कृषि की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत से अधिक हो गयी। संयुक्त राष्ट्र के कृषि विभाग की रिपोर्ट को देखें तो पाते हैं कि वर्ष 2018-19 में वैश्विक चावल निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 22 फीसदी थी, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 40 फीसदी हो गई। इसी तरह वित्त वर्ष 2019-20 में वैश्विक गेहूं निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.3 फीसदी थी जो वर्ष 2021-22 में पांच फीसदी तक पहुँच गई। खास बात यह है कि कोविड-19 के कारण भारत के सेवा निर्यात में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई हैं। कोविड-19 के बाद दो साल में कुल आईटी सेवाओं के निर्यात में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोविड-19 ने अधिकांश उद्योगों को डिजिटल निवेश और मल्टी-चैनल व्यवसाय में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया और कंपनियों के बैक-एंड प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को ज्यादा बेहतर और अनुकूल बनाने के लिए प्रवृत्त किया है। आईटी सेवाओं की कुल सेवा निर्यात में लगभग 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसमें कंप्यूटर सेवाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। फिर पेशेवर और प्रबंधन परामर्श सेवाएं, तकनीकी और व्यापार से संबंधित सेवाएं और अनुसंधान और विकास क्षेत्रों में भी सेवा निर्यात में प्रभावी वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि जिस तेजी से देश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की संख्या बढ़ी है, उतनी ही तेजी से आईटी सेवाओं के निर्यात में भी वृद्धि हुई है। ज्ञातव्य है कि भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास और जबरजस्त स्टार्टअप माहौल के चलते ख्याति प्राप्त वैश्विक फार्मेसी कंपनियाँ, वैश्विक फायनेंस और कॉमर्स कंपनियाँ अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में जीसीसी स्थापित किए हैं।


उत्तराखंड प्रहरी

कविता

## स्वाभिमान



ना जरूरत मुझे महलों और आलीशान मकानों की,
ना जरूरत मुझे बंगला-कोठी और दुकानों की।
ना जरूरत मुझे झूठी शान-ओ-शौकत और झूठें दिखावे की,
ना जरूरत मुझे किसी को बड़ा समझने और ना ही किसी को नीचा दिखाने की।
जमीर मेरा गवाही नहीं देता दिल किसी भी शक्स का दुखाने की,
स्वाभिमान से बढ़कर कुछ नहीं जमाने में,
इसलिए मुझे तो दरकार है सिर्फ अपने आप में खुश रहकर हर निवाला ईमान का खाने की।।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

# शौर्य का स्वर्णिम अध्याय : राम सिंह पठानिया

डा. आरएस भड़वाल

**अंततः उन्हें धोखे से पकड़ ही लिया गया। कोर्ट में पेश कर उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाकर कालापानी भेज दिया। उसके बाद उन्हें रंगून भेजा गया। उन पर काफी अत्याचार किए गए। 11 नवंबर 1849 को मात्र 24 साल की उम्र में वीरगति को प्राप्त हो गए। महज 24 वर्ष की उम्र में भारत माता के लिए स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए। 11 नवंबर 1849 को देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने की जो परंपरा राम सिंह पठानिया ने शुरू की थी, उससे आज भी हिमाचल, खासकर कांगड़ा के युवा रोमांचित होते हैं व प्रेरणा लेते हैं**

जो व्यक्ति इतिहास का निर्माण करते हैं, उनके पास इतिहास लिखने के लिए समय नहीं होता है। यह विचार हिमाचल प्रदेश के इतिहास और ऐतिहासिक नायकों के संदर्भ में भी बार-बार चरितार्थ होता रहा है। लंबे अरसे तक मुगल घुसपैठ के शक्तिशाली प्रतिरोध के बाद क्रूर ब्रिटिश सत्ता उखाडने के लिए छेड़े गए स्वतंत्रता संग्राम में हिमाचली नायकों का एक भरा पूरा इतिहास रहा है। उस गौरवशाली इतिहास के उपलब्ध अंश हर हिमाचली को बार-बार रोमांचित करते हैं। दुर्भाग्य भी यही है कि उस स्वर्णिम इतिहास के आज कुछ ही अंश हमारे समक्ष बचे हुए हैं। उनका भी कभी न्यायसंगत मूल्यांकन नहीं हो सका है। ऐसा ही एक अध्याय हिमाचल प्रदेश की नूरपुर रियासत के वीर राम सिंह पठानिया की वीरता और शौर्य को समर्पित है। बहुत कम लोगों को मालूम होगा 20-22 वर्ष की छोटी सी उम्र में ही उन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए एक बड़ा अभियान अंग्रेजों के खिलाफ छेड़ते हुए अंततः वीरगति प्राप्त की थी। उन्हीं पुण्य आत्मा वीर राम सिंह पठानिया जी की आज जयंती मनाई जा रही है। वीर राम सिंह पठानिया का जन्म नूरपुर रियासत के मंत्री श्याम सिंह के घर आज यानी 10 अप्रैल के ही दिन 1824 को हुआ था। उनके पिता नूरपुर रियासत में राजा वीर सिंह के मंत्री थे। राष्ट्र के प्रति भक्ति और निष्ठा के गुण वीर राम सिंह पठानिया ने उन्हीं से प्राप्त किए थे।

इसके अलावा वीर राम सिंह पठानिया की रणनीतिक समझ भी अपने पिता को राजकीय दायित्वों को निभाते देख-देखकर ही परिपक्व हुई। इसी रणनीतिक समझ के साथ उन्हें अंग्रेजों से निपटने में मदद मिली थी। समय के साथ कदमताल करते हुए इतिहास स्वयं को नया आकार दे रहा था। 1846 में अंग्रेज-सिख संधि के कारण हिमाचल प्रदेश की अधिकांश रियासतें अंग्रेज साम्राज्य के आधीन हो गई थीं। उसी समय राजा वीर सिंह की मृत्यु हो गई। उसके बाद उनके बेटे जवसंत सिंह राजगद्दी के उत्तराधिकारी थे। उसी समय अंग्रेज अपनी कुटिल नीतियों के साथ भारत की विभिन्न रियासतों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अपने अधीन लेने के लिए षड्यंत्र रच रहे थे। नूरपुर रियासत के संदर्भ में भी उन्होंने एक ऐसी ही चाल चली। अंग्रेजों ने जसवंत सिंह के सारे अधिकार महज पांच हजार रुपए में ले लिए और रियासत में अपने शासन से मिलाने की घोषणा कर दी, जो वीर सिंह पठानिया को मंजूर नहीं था। वीर राम सिंह पठानिया ने अंग्रेजों की इस धूर्तता के विरोध की ठान ली। उन्होंने कटोच राजपूतों के साथ मिलकर सेना बनाई और अंग्रेजों पर धावा बोल दिया। इस आक्रमण से अंग्रेज भाग खड़े हुए और राम सिंह ने रियासत में एक बार फिर से नूरपुर रियासत के अधीन आ गई। वीर राम सिंह पठानिया ने शाही ध्वज फहराकर विजय का उद्घोष किया।

वैद्यानिक सूचना

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# प्रदेश के पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के हो प्रयास : मुख्यमंत्री धामी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो






**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की ताकत को पहचाने तथा इसके विस्तार के लिये आगे आयें, कुमाऊ द्वार महोत्सव जैसे आयोजन हमारी लोक विरासत, लोकगीत, लोक नृत्य के साथ संस्कृति के विविध आयामों से परिचित कराने में मददगार होते हैं। अपनी लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा इसे बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड की पर्यटन व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण देश व दुनिया में विशिष्ट पहचान बनेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हल्द्वानी में कृष्णा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कुमाऊं द्वार महोत्सव-2023 में प्रतिभाग किया तथा लोक कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत की ताकत को पहचानेगी तथा इसके विस्तार के लिए आगे आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार भी उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उत्तराखण्ड देश और दुनिया का नम्बर वन पर्यटन प्रदेश बनने के साथ ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण शीघ्र ही वैश्विक पटल पर सबसे बड़े कल्चरल हब के रूप में जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड की झांकी मानसखण्ड को प्रथम पुरस्कार मिलना प्रदेश की लोक संस्कृति का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने सभी से अपनी लोक परंपराओं से जुड़ने का भी आहवान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पलायन जैसी समस्या के निराकरण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। युवाओं के हित में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार परक नीतियां बनायी गई हैं हमारा प्रयास अपने युवाओं की क्षमता का उपयोग राज्य हित में किये जाने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''वोकल फॉर लोकल'' का नारा दिया है, उसे धरातल पर उतारने हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इस मेले में प्रदर्शित उत्पाद इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। हम प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य के लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। ये प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज वैश्विक पटल पर हमारा देश विश्व को एक नई दिशा दिखाने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री जी का हमारी देवभूमि के प्रति विशेष लगाव रहा है और इसे हमारे यहां केंद्र सरकार द्वारा संचालित हो रही विशिष्ट परियोजनाओं के माध्यम से समझा जा सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों के विकास का कार्य जो पहले एक सपना मात्र लगता था वह आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संभव होता दिख रहा है।



## लोकतंत्र को कुचल रही भाजपा सरकार: राजवीर

**हरिद्वार।** कांग्रेस पार्टी ने जगजीतपुर स्थित अंबेडकर पार्क में जय भारत सत्यग्रह का आयोजन किया। राहुल गांधी की संसद से सदस्यता निरस्त करने पर आक्रोश जताते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। जबकि विभिन्न भर्ती घोटाले और महंगाई के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजवीर सिंह चौहान ने कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विपक्षी नेताओं को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। सवाल करने पर सांसद को सदस्यता जवानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जो भी जनता की आवाज बनने की कोशिश करता है, भाजपा सरकार साम, दाम, दंड, भेद लगाकर उसको दबाने का प्रयास करती है। पिछले दिनों राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद करवाकर भाजपा ने यही किया है। राहुल गांधी जनता के साथ हो रहे अन्याय खिलाफ भाजपा की दमनकारी नीति के विरोध में आवाज उठा रहे थे। पूर्व प्रधान दिनेश वालिया एवं पार्षद उदयवीर सिंह चौहान ने कहा कि विपक्ष का काम सत्ताधारी दल की खामियों को जनता तक पहुंचाना है और इसी उद्देश्य से जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# पाकिस्तानी श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन कर आरती में हुए शामिल




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**शदाणी दरबार में तीन दिवसीय बरसी महोत्सव हुआ संपन्न**

**मंगलवार को अपने देश वापसी करेंगे पाकिस्तनी तीर्थ यात्री**

**हरिद्वार।** उत्तरी हरिद्वार में सप्तसरोवर स्थित शदाणी दरबार तीर्थ के सप्तम पीठाधीश्वर संत राजाराम साहिब 63वीं बरसी पर आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव सोमवार को संपन्न हो गया। महोत्सव में पहुंचे पाकिस्तानी हिन्दू श्रद्धालुओं के जत्थे ने तीसरे दिन धर्मनगरी के विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर पूजा अर्चना की और शाम को हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में हिस्सा लिया। गंगा मैया के जयकारे लगाकर भक्ति में रंगे नजर आए।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आए 306 हिन्दू श्रद्धालुओं के जत्थे ने दो दिन तक शदाणी दरबार में आयोजित बरसी महोत्सव में हिस्सा लिया। संत समागन और कलश यात्रा निकालकर सिंधु नदी का जल मां गंगा में लाकर दोनों का मेल कराया। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गए। जिसके बाद गोविंद मखीजा, मंसाराम, श्रीचंद कपूर, सुरेंद्र लाल, अजीत शदाणी, नानिक राम, माता दीपिका शदाणी, इजना देवी, रेखा देवी, सुरा बाई, रेशमा देवी, रा धिका, बेबी बाई, माया बाई, लाजी बाई, साना देवी, जयवती देवी समेत पूरे जत्थे ने कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर, मनसा देवी मंदिर, चंडीदेवी मंदिर, दक्षिण काली मंदिर समेत विभिन्न प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए। शाम को हरकी पैड़ी पर मां गंगा के दर्शन कर गंगा आरती में शामिल होकर गंगे मैया के जयकारे लगाए।

शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश्वर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने बताया कि तीन दिवसीय बरसती महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हो गया है। पाकिस्तान के सिंध से आए सभी तीर्थ यात्रियों ने पूरी श्रद्धा के साथ हरिद्वार में आकर कार्यक्रम में भाग लिया और तीर्थ स्थलों के दर्शन किए। हर साल पाक से हिन्दू श्रद्धालुओं का जत्था भारत आता है। शदाणी दरबार के कार्यक्रम में पहुंचा है। मंगलवार को जत्था अपने वतन के लिए वापसी करेगी।

# अनुमति नेशनल हाईवे की और मिट्टी का निजी संपत्तियों में हो रहा अवैध भराव




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

> जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है जल्द ही टीम को भेजकर जांच करा कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हरिद्वार।** नेशनल हाईवे के नाम पर ली गई अनुमति का खनन माफिया जमकर फायदा उठा रहे हैं और जिला प्रशासन चुपचाप तमाशबीन बनकर तमाशा देख रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक खनन माफिया राष्ट्रीय राजमार्ग के नाम पर ली गई परमिशन का फायदा उठाकर निजी लोगों को फायदा पहुंचाते रहेंगे और प्रशासन चुपचाप तमाशा देखता रहेगा। गौरतलब है कि पथरी थाना क्षेत्र के खनन माफिया दिन-रात धड़ल्ले से खनन कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

जानकारी मांगने पर बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के नाम पर खनन माफियाओं को मिट्टी उठान की अनुमति दी गई है। लेकिन खनन माफिया प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर निजी लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। एनएच की परमिशन की आड़ में मिट्टी का खनन कर हाईवे की जगह जट बहादरपुर रोड किशनपुर, जट बहादुरपुर, रामानंद के पीछे गेल इंडिया कंपनी के पास अवैध कॉलोनी सहित आसपास में मिट्टी डालने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है ।लेकिन यह किसी को दिखाई नहीं दे रहा है। खनन माफिया रात दिन खेतों में जेसीबी चलाकर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। नेशनल हाईवे की अनुमति लेकर मिट्टी का भराव दूसरी जगह पर किया जा रहा है। निजी संपत्तियों में मिट्टी का भराव कर माफिया वारे के न्यारे कर रहे हैं और प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहे हैं।

प्रशासन आंख मूंदकर तमाशा देख रहा है। या यूं कहे कि सब कुछ पता होते हुए भी अनजान बना हुआ है। अनुमति एनएच के नाम पर ली गई है। जबकि विभिन्न देहात और अन्य क्षेत्रों में मिट्टी का भराव किया जा रहा है। क्या अब प्रशासन इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगा ये अपने आप में एक बड़ा सवाल है। हरिद्वार में नेशनल हाईवे का कार्य प्रगति पर है। जिस पर विभाग द्वारा नेशनल हाईवे पर मिट्टी पूर्ति करने के लिए किसानों के खेतों से मिट्टी उठाने की परमिशन भी दी गई है।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में आई 92 शिकायतें, अब भूमि संबंधी रिकार्ड चैक किए जा सकेंगे : जिलाधिकारी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून ।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 92 शिकायतें प्राप्त हुई प्राप्त शिकायतों में भूमि संबंधी विवाद, लैंड फ्राड, आपसी विवाद, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, पारिवारिक विवाद, पहाड़ों में ओवर लोडिंग, नेटवर्क समस्या आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जल्द ही रिकार्ड चैककर विकसित करने की तैयारी की जा रही है जिस पर भूमि संबंधी रिकार्ड चैक किए जा सकेंगे, तथा भूमि धोखाधड़ी फर्जीवाडे से बचा जा सकेगा। जनसुनवाई के माध्यम से दिव्यांग बच्चे को स्कूटी दिलाए जाने पर संबंधित द्वारा जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विगत जनसुनवाई में एमएच काजी निवासी इंदर रोड़ द्वारा अपने दिव्यांग बच्चे को स्कूटी दिलाए जाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। एमएच काजी ने जिलाधिकारी के प्रयास तथा सहायक अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर के समन्वय से स्कूटी दिलाए जाने पर जिलाधिकारी एवं एमडीडीए अभियन्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी ने चकराता त्यूनी में ओवर लोडिंग की शिकायतों पर संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग पर कार्यवाही करें। इसी प्रकार नेटवर्क एवं सर्वर डाउन रहने से शासकीय ऑनलाइन कार्यों में बाधा उत्पन्न होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी त्यूनी को जांच करने के निर्देश दिए साथ ही बीएसएनएल के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। भूमि संबंधी प्रकरणों एवं लैंड फ्राड की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनमानस से अनुरोध किया कि भूमि क्रय करने से पहले रिकार्ड अवश्य जांच लें। तथा प्लॉट क्रय करते समय एमडीडीए द्वारा स्वीकृत प्लॉट ही क्रय करें जिससे भूमि संबंधी धोखाधड़ी से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। ताकि लोगों को अनावश्यक न भटकना पड़े। साथ ही शिकायत की स्थिति के संबंध में शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम जगदीश लाल, प्रभागीय वनाधिकारी चकराता कल्याणी, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द दुर्गापाल, नगर मजिस्टेट कुशम चैहान, पुलिस अधीक्षक क्राईम सर्वेश पंवार, निदेशक ग्राम्य विकास अधिकारी आर.सी तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड़, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, सहायक अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर सहित विद्युत, लोनिवि, जल संस्थान, पीएमजीएसवाई, पेयजल निगम, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहे।



## गंगा भक्त टीम आस्था ने दिया स्वच्छता का संदेश

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** गंगा भक्त टीम आस्था के संस्थापक अमित कुमार मुल्तानिया के नेतृत्व में ज्वालापुर के पुल जटवाड़ा आस्था घाट पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए आस्था टीम के सदस्यों ने मां गंगा को स्वच्छ निर्मल बनाए रखने का संदेश दिया। श्रुति सलूजा ने कहा कि मां गंगा की आस्था के लिए और मां गंगा की सेवा और सुरक्षा के लिए कार्य करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। युवा भाई और बहनों को मिलकर मां गंगा की सेवा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। हिमानी गौर ने बताया कि टीम आस्था की सबसे बड़ी मुहिम मेरा हरिद्वार सबसे सुंदर के लिए सभी सदस्य बहुत मेहनत और निस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं तथा प्रत्येक सप्ताह रविवार के दिन सुबह 2 घंटे अभियान पिछले लगभग 7 वर्षों से चलाया जा रहा है। सफाई अभियान में सलूजा, श्रुति, प्रिया, कामिनी, सोनल, हिमानी, कशिश, दिग्विजय, तरुण, अनुज कश्यप, बलवीर, राहुल, संजय, अक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरिद्वार में विदेशों की तरह मिलेगा स्ट्रीट स्टाइल का बाजार

### दिल्ली से हरिद्वार की दूरी 5 से घटकर हो जाएगी दो घंटे की




गौरव कुमार ,(उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो)

**हरिद्वार, ।** उत्तराखंड को लेकर अब केंद्र सरकार ज्यादा गंभीर नजर आ रही है। राजमार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए एक नया एक्सप्रेस वे शीघ्र ही बन जायेगा। मेरठ, मोदीनगर और मुजफ्फरनगर को देहरादून रूट से बाहर होने से हरिद्वार को सबसे अधिक फायदा मिलने और पूरे पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड का बिजनेस हब बनने की संभावना भी बढ़ गई है। धीरे धीरे हरिद्वार अब वो जगह बन गई है जहां से होकर हर दिन तीस हजार से ज्यादा वाहन निकलकर पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंचते हैं। लगभग 2,3,25 करोड़ की कीमत से बनाए जा रहे सहारनपुर हरिद्वार एक्सप्रेसवे अब दिल्ली से हरिद्वार तक की यात्रा में लगने वाला समय अब 5 घंटे से घटकर केवल 2 घंटे कर रह जायेगा,इस एक्सप्रेस वे से दिल्ली की दूरी भी घटकर 240 से 160 किलोमीटर ही रह जाएगी। जानकारी देते हुए डाउन टाउन प्रोजेक्ट के सीएफओ और बिजनेस हेड पंकज गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि देहरादून ऋषिकेश पिछले कई सालों से दिल्ली, मेरठ और आसपास क्षेत्रों के लोगो के लिए विकेंड मनाने की सबसे खास जगह बन गई है। इन सभी जगहों का एक मात्र रास्ता हरिद्वार से होकर ही गुजरता है। विकेंड का चलन साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। जिससे यकीनन पूरे डाउन टाउन के भविष्य में होने वाले व्यापारियों को बड़े पैमाने का लाभ होगा। अब दिल्ली से हरिद्वार की दूरी 2.5 घंटे की हो जायेगी। जिससे बड़े पैमाने पर यहां के व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी,

बात अगर डाउनटाउन रिटेल बाजार की करें तो अब हरिद्वार में हीरो अलकनंदा हाई स्ट्रीट रिटेल स्टोर के साथ यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी देशों की तरह पहली स्ट्रीट स्टाइल का बाजार मिलेगा। स्ट्रीट स्टाइल बाजार का यह चलन यूरोपीय देशों से अब भारत में भी तेजी से बढ़ रहा है और खासकर युवावर्ग इसका क्रेज बढ़ता ही जा रहा है, इस तरह का बाजार अब तक फ्रांस में पेरिस, ब्रिटेन में लंदन, एडिनबर्ग, जापान में ओसाका, अमेरिका में न्यू ऑरलियन्स, कनाडा में क्यूबेक और कुछ विकसित शहरों में उपलब्ध है। “लोग हमेशा दिल्ली से हरिद्वार जाने में लगने वाले समय को लेकर चिंतित रहते हैं।

# अन्य पिछड़े वर्ग के सर्वेक्षण रिपोर्ट को लेकर जनप्रतिनिधी हुए असंतुष्ट, लगाया बंद कमरे में रिपोर्ट तैयार करने का आरोप

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर कराया जाए ओबीसी सर्वेक्षण : सुमित तिवारी

नगर निगम द्वारा हुए सर्वे में बहुत बड़ी मात्रा में हुई त्रुटि, जोकि नगर निगम की है लापरवाही : अनिल मिश्रा

**हरिद्वार।** अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव/अपर सचिव, पंचायतीराज, उत्तराखण्ड बी0एस0 वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को मेला नियंत्रण भवन (सी०सी०आर०) में नगर निगम क्षेत्र में अन्य पिछड़े वर्ग के सर्वेक्षण की कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में जनसुनवाई/बैठक आयोजित हुई।

आयुक्त नगर निगम दयानन्द सरस्वती ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बैठक/जनसुनवाई में नगर निगम हरिद्वार के समस्त वार्डों के सम्बन्ध में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने जनसुनवाई/बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा नगर निगम क्षेत्र में अन्य पिछडे वर्ग के सर्वेक्षण कार्यवाही के प्रकरण में निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अन्य हितबद्ध जन सामान्य के साथ नगर निगम, हरिद्वार के अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत विचार विमर्श किया तथा दिशा-निर्देश दिये। जिसमें रिपोर्ट पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी और नगर निगम वार्ड न. 1 के पार्षद अनिल मिश्रा ने कहा की रिपोर्ट तैयार करने की अवधि क्या है किस दौरान नगर निगम द्वारा अन्य पिछड़ा सर्वेक्षण करवाया गया और ओबीसी को पर्याप्त आरक्षण देने के लिए पारदर्शिता क्या है ? जिस पर संबंधित अधिकारीयों ने जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट जनप्रतिनिधियो को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सदस्य सचिव ओमकार सिंह, उपनिदेशक जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी देहरादून सुश्री चित्रा, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, सहायक निदेशक शहरी विकास श्री विनोद कुमार, सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री सुमित तिवारी, पार्षद अनिल मिश्रा, शुभम मंडोला, सचिन अग्रवाल, महावीर वशिष्ठ, अनिल वशिष्ठ, सहित सम्बंधित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कांग्रेस ओबीसी विभाग के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने की कार्यकारिणी की घोषणा

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** ओबीसी विभाग के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने अपनी महानगर कार्यकारिणी को घोषणा करते हुए लगभग 2 दर्जन से अधिक लोगों उपाध्यक्ष, महामंत्री व सचिव को कार्यकरिणी में दायित्व सौंपा गया है। जबकि एक दर्जन से अधिक विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए है।

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

▸ नईम कुरैशी, मकबूल कुरेशी, अनिल भास्कर चौधरी, तेलू राम प्रधान, अशोक उपाध्याय, आशीष गोस्वामी, रकित वालिया, राजीव चौधरी, गुरबीर सिंह, आशीष रविंद्र चौधरी, आर एस बघेल , एसपी मौर्य, मनोज सैनी, शिव कुमार कश्यप, यशवंत सैनी, रजनीश सैनी, उमेश धनकर, सतवीर चौधरी, मधुकांत गिरी ।

**जिला उपाध्यक्ष**

▸ दिनेश सैनी, तारिक जमाल, सत्येंद्र वर्मा, एमएस वर्मा, अंकुर सैनी, रियासत अली, रिषभ कांत गिरी, नफीस अहमद, सुनील पाल

**जिला महामंत्री**

▸ रविंद्र प्रजापति, चौधरी करण सिंह, राजीव युगल, जीतू चौधरी, दिग्विजय सिंह यादव, मनोज यादव, अनीस कुरैशी, बलराम गिरी कड़क

**जिला सचिव**

▸ विजय पटेल, आसिफ अंसारी , दीपक कश्यप, अरुण धीमान, यागिक वर्मा, सौरभ सैनी, अरुण चौहान बृजेश वर्मा, परशुराम यादव

# सीतारमण आईएमएफ-विश्व बैंक की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल से अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी जहां वह विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की 2023 वसंतकालीन बैठकों में भाग लेने के साथ ही वह जी20 बैठकों, निवेशक/द्विपक्षीय बैठकों और अन्य बैठकों में भी शामिल होंगी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये बैठकें 10 अप्रैल से 16 अप्रैल, 2023 तक वाशिंगटन स्थित डब्ल्यूबीजी और आईएमएफ मुख्यालय में आयोजित की जायेंगी। वसंतकालीन बैठकों में दुनिया भर के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर भाग लेंगे। वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री करेंगी जिसमें वित्त मंत्रालय और आरबीआई के अधिकारी शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान श्रीमती सीतारमण भारत की जी20 अध्यक्षता और जी20 से संबंधित सह-कार्यक्रमों के अंतर्गत दूसरी जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक की मेजबानी करेंगी। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक विकास समिति और आईएमएफ समिति के पूर्ण सत्र, विश्व के अर्थशास्त्रियों और थिंक-टैंक के साथ संवाद, विभिन्न देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय विचार-विमर्श, गोलमेज बैठकों में वैश्विक व्यापार जगत के प्रतिनिधियों और निवेशकों के साथ संवाद और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत भी करेंगी। सीतारमण और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास 12-13 अप्रैल को दूसरी जी20 एफएमसीबीजी बैठक की संयुक्त अध्यक्षता करेंगे। जी20 सदस्य देशों, 13 आमंत्रित देशों और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय संगठनों के लगभग 350 प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे तथा वैश्विक मुद्दों के व्यापक आयाम के परिप्रेक्ष में बहुपक्षीय चर्चाओं में भाग लेंगे।दूसरी जी20 एफएमसीबीजी बैठक में तीन सत्र होंगे जिनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना, सतत वित्त, वित्तीय क्षेत्र और वित्तीय समावेश तथा अंतर्राष्ट्रीय कराधान शामिल है। इन सत्रों का खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा का समाधान करना, वैश्विक ऋण कमजोरियों को प्रबंधित करना, बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करना, जलवायु कार्रवाई के लिए वित्त जुटाना, वित्तीय समावेश प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और अंतर्राष्ट्रीय कर और वित्तीय प्रगति में तेजी लाना आदि विषयों पर विचार-विमर्श करना होगा। बैठक में भारत की जी20 वित्त ट्रैक कार्ययोजना के तहत परिकल्पित परिणामों पर हुई प्रगति का जायजा भी लिया जाएगा।

दूसरी जी20 एफएमसीबीजी बैठक इस वर्ष जुलाई में गांधीनगर में होने वाली तीसरी जी20 एफएमसीबीजी बैठक के लिए जी20 भारत वित्त ट्रैक कार्ययोजना की तैयारी की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाएगी। इन बैठकों से, राजनेताओं की घोषणा के लिए वित्त ट्रैक में योगदान देने की उम्मीद है, जिसे सितंबर 2023 में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में अंगीकार किया जाएगा। वसंतकालीन वार्षिक बैठकों के दौरान, वित्त मंत्री, जी20 देशों के अपने समकक्षों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित अन्य प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत आपसी हित और सहयोग के मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों के बारे में चर्चा करेंगी।

अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री 10 अप्रैल को पीटरसन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स (पीआईआईई) में एक फायरसाइड चैट में भी भाग लेंगी। 11 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठक में वित्त मंत्री पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन से मुलाकात करेंगी। यात्रा के दौरान भारत, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक द्वारा 12 अप्रैल, 2023 को वैश्विक सॉवरेन ऋण गोलमेज बैठक की सह-अध्यक्षता की जाएगी, जिसमें वर्तमान वैश्विक ऋण परिदृश्य और ऋण पुनर्रसंरचना की मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के तरीकों पर चर्चा होगी। 14 अप्रैल को क्रिप्टो परिसंपत्तियों के वृहद्-वित्तीय प्रभाव पर एक उच्च-स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें क्रिप्टो परिसंपत्तियों के वृहद्-वित्तीय निहितार्थों की समीक्षा की जाएगी और लाभ उठाने तथा जोखिमों को कम करने से जुड़ी नीतियों पर चर्चा की जाएगी। श्रीमती सीतारमण 15 अप्रैल को एमडीबी को मजबूत करने के लिए जी20 विशेषज्ञ समूह के साथ भी बैठक करेंगी, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों और सीमा पार की चुनौतियों के वित्तपोषण के सन्दर्भ में 21वीं सदी के लिए एक अद्यतन एमडीबी इकोसिस्टम की आवश्यकता पर चर्चा की जायेगी।

# स्मार्ट, कनेक्टेड और पर्यावरण अनुकूल प्रिंटिंग अनुभव देता है एचपी स्मार्ट टैंक प्रिंटर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** एचपी का स्मार्ट टैंक प्रिंटर छोटे कारोबारों, उद्यमियों और ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है जो घर पर बहुत प्रिंट करते हैं बल्कि उन्हें किफायती कीमत पर पहले से स्मार्ट और कनेक्टेड अनुभव भी प्रदान करता है।

आज की हाइब्रिड दुनिया में देश में घरेलू और छोटे कारोबार अपने डिजिटल बदलावों के लिए टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं और वे किफायती, इस्तेमाल करने में आसान और स्मार्ट प्रिंटिंग सॉल्यूशंस तलाश रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए यह प्रिंटर एक बेहतर विकल्प हो सकता है क्योंकि एचपी स्मार्ट टैंक के जानकारी देने वाले स्मार्ट ऐप, स्मार्ट गाइडेड बटनों के साथ बिना किसी परेशानी के सेट अप करने की सुविधा देता है। इसके साथ ही कहीं से भी प्रिंट करने के लिए एचपी स्मार्ट टैंक 580 के सेल्फ-हीलिंग वाई-फाई के साथ पहले से ज्यादा कनेक्टेड अनुभव देता है। सस्टेनेबल डिजाइनिंग के लिए 45 प्रतिशत ऐसी चीजों का इस्तेमाल किया गया है जिन्हें ग्राहकों द्वारा पहले इस्तेमाल किया जा चुका है। कंपनी का कहना है कि स्मार्ट टैंक प्रिंटरों की नई रेंज को घरेलू उपयोगकर्ताओं, सूक्ष्म एवं लघु कारोबारों की रोज़ाना की प्रिंटिंग संबंधी ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। उभरते हुए उद्यमियों और कारोबारों की मदद करने के लिए, एचपी स्मार्ट टैंक जानकारी देने वाले और आसान सेट-अप, स्मार्ट खूबियों और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ इस्तेमाल करने वालों को बेहतर अनुभव देता है। नए इंक टैंक प्रिंटर पहले से भरे इंक सप्लाई के साथ 18,000 ब्लैक पेज या लगभग 6,000 रंगीन पेज बिना किसी परेशानी के प्रिंट करने में सक्षम है।

संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रखने के लिए एचपी वोल्फ इसेंशियल सिक्योरिटी की सुविधा भी है क्योंकि आज के समय में परिवार घर बैठे-बैठे काम करते हैं और पढ़ाई करते हैं और उनकी गोपनीयता बहुत आवश्यक है। ईपीईएटी सिल्वर और एनर्जी स्टार सर्टिफिकेशंस से लैस ये प्रिंटर बिजली की बचत करने के लिए ऑटो ऑन/ऑफ टैक्नोलॉजी से भी लैस है जिसके कारण उपयोगकर्ताओं को अलग से कोई प्रयास नहीं करना पड़ता है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.44 अरब डॉलर पर


**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से 31 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.44 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 578.8 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.6 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 509.69 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 27.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 45.20 अरब डॉलर पर रहा।

# विज्ञापनदाताओं ने टीवी छोड़ डिजिटल की ओर किया रूख

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सीजन में इस बार नये ट्रेंड के तहत विज्ञापनदाताओं ने टेलीविजन (टीवी) को छोड़ डिजिटल की ओर रुख कर रहे हैं। आज यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च कॉउंसिल (बार्क इंडिया) की टीवी रेटिंग में जहां पिछले वर्ष पहले मैच में करीब 52 एडवरटाइज़र्स ने टीवी पर विज्ञापन दिये थे। वहीं इस वर्ष मात्र 31 विज्ञापनदाता ही नजर आए। यानी 40 फीसदी विज्ञापनदाताओं ने टीवी ब्रॉडकास्टिंग से मुंह मोड़ लिया है। पिछले आईपीएल सीज़न में टीवी पर विज्ञापन देने वालों की संख्या करीब 100 थी। इस बार टीवी पर 100 एडवरटाइज़र्स का आंकड़ा छू पाएगा यह बेहद मुश्किल लग रहा है। टीवी पर प्रायोजकों की संख्या में भी कमी आई है, पिछले वर्ष 16 प्रायोजक थे जो इस बार घटकर 12 रह गए। इनमें से एक प्रायोजक तीसरे मैच से जुड़ा है। रिलायंस से जुड़ी कंपनियां विज्ञापनदाताओं की लिस्ट से पूरी तरह गायब हैं। वजह है रिलायंस समूह की कंपनी वायकॉम-18, जिसे आईपीएल के डिजिटल ब्राडकॉस्टिंग राइट्स मिले हैं। टीवी का साथ छोड़ने वाले अन्य बड़े विज्ञापनदाताओं में बायजूस, क्रेड, मुथूट, नेटमेड्स, स्विगी, फ्लिपकार्ट, फोन पे, मीशो, सैमसंग, वनप्लस, वेदांतु, स्पॉटिफाई और हैवेल्स शामिल हैं। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क भारत में टीवी पर आईपीएल के मैचों का सीधा प्रसारण कर रहा है।

टीवी एड रेवेन्यू के बड़े हिस्से पर डिजिटल ने कब्जा कर लिया है। 125 से अधिक विज्ञापनदाताओं ने टीवी की अनेदखी कर, डिजिटल एडवरटाइजिंग के लिए वायकॉम-18 से समझौते किए हैं। उनमें में अमेजन, फोनपे, सैमसंग, जियोमार्ट, यूबी, टीवीएस, कैस्ट्रोल, ईटी मनी, प्यूमा, आजियो जैसी कंपनियां शामिल हैं। टीवी पर एडवरटाइजर कम हो रही हैं, जाहिर है इसका सीधा असर टीवी ब्रॉडकास्टर के रेवेन्यू पर भी पड़ेगा। आईपीएल के रेवेन्यू के पूरे आंकड़े आने में अभी वक्त है, आईपीएल जैसे जैसे आगे बढ़ेगा तस्वीर और साफ होती जाएगी। भारत में वायकॉम-18 आईपीएल 2023 के मैचों को जियो सिनेमा ऐप पर लाइव स्ट्रीम कर रहा है। वायकॉम-18 ने भारत में मैचों के डिजिटल लाइव स्ट्रीम के अधिकार हासिल किए थे। जियो सब्सक्राइबर के साथ सभी टेलीकॉम प्रोवाइडर्स के यूजर्स मुफ्त में जियो सिनेमा ऐप में लॉग इन कर आईपीएल मैचों का लुत्फ उठा सकते हैं।

# महंगाई और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की चाल



**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी निवेशकों के साथ ही घरेलू स्तर पर संस्थागत निवेशकों की लिवाली के बल पर बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही जबकि अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन, महंगाई के आंकड़े, कंपनियों के तिमाही नतीजे और वैश्विक रुख से शेयर बाजारों की चाल तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 891. 45 अंकों की बढ़त के साथ 60 हजार अंकों की ओर बढ़ते हुये 59882.97 अंक पर रहा। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 239.4 अंक उठकर 17599.15 अंक पर टिका। दिग्गज कंपनियों की तरह ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का रूख बना रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 285.47 अंक बढ़कर 24351.06 अंक पर और स्मॉलकैप 768.33 अंक उछलकर 27725.34 अंक पर रहा।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में पांच कारोबारी दिवस में से मात्र तीन दिन ही कामकाज हो सका क्योंकि चार अप्रैल को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर अवकाश रहा था। अगले सप्ताह भी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर अवकाश रहेगा और कोई कारोबार नहीं होगा।

विश्लेषकों का कहना है कि अगले सप्ताह भी बाजार में तेजी बने रहने की संभावना है क्योंकि अभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि कोई बड़ा उथल पुथल नहीं होता है तो बाजार की चाल घरेलू कारकों से तय होगी। अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन के साथ ही उपभोक्ता सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई, थोक मूल्य सूचकांक आधारित थोक महंगाई के साथ ही देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले है जिसका बाजार पर साफ साफ असर दिख सकता है। विदेशी कोषों की गतिविधियां, रुपये का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। शुक्रवार को 'डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

# ताइक्वांडो को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ से मिली मान्यता



**लखनऊ, (वार्ता)।** भारत में वर्ल्ड ताइक्वांडो ( डब्लूटी ) से अधिकृत एक मात्र संस्था इंडिया ताइक्वांडो की उत्तर प्रदेश इकाई का गठन कर लिया गया है। कोरियन मार्शल आर्ट को उत्तर प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए नवगठित उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो का अध्यक्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाडी व पैरा ताइक्वांडो कोच डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी को बनाया गया है। इस संस्था के महासचिव रजत आदित्य दीक्षित होंगे।

वर्तमान में इंडिया ताइक्वांडो, भारत में वर्ल्ड ताइक्वांडो ( डब्लूटी ) से अधिकृत एक मात्र संस्था है जिसको भारत में ताइक्वांडो खेल के संचालन के लिए मान्यता दी गई है। वर्तमान में केवल इंडिया ताइक्वांडो के खिलाड़ी ही अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भाग लेते है।

गठन के बाद डा. रफत ने बताया कि अब उत्तर प्रदेश के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सीधे अंतरराष्ट्रीय स्तर खेलने का और प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वर्तमान में इंडिया ताइक्वांडो ही एक मात्र संस्था है, जो वर्ल्ड ताइक्वांडो से अधिकृत है। इसकी यूपी इकाई उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ द्वारा भी मान्यता प्रदान कर दी गयी है, इसलिए उत्तर प्रदेश में ताइक्वांडो का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। अब प्रदेश में ताइक्वांडो को तेज गति से बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जायेगा. इस बारे में योजना बनाने के लिए आगामी 23 अप्रैल को कानपुर में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो की बैठक का आयोजन किया जायेगा।

इस बैठक में आने वाले समय की योजनाओं पर, नई प्रतियोगिताओ, ट्रेनिंग सेमिनार और विभिन्न संस्थाओ ( भारतीय खेल प्राधिकरण व यूपी खेल निदेशालय ) से समन्वय पर चर्चा की जायगी तकि इतने वर्षों से जो खिलाडी अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ ( ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप. एशियन गेम्स व एशियन चैंपियनशिप ) में नहीं खेल पा रहे है. उनको अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में खेलने का कैसे अवसर मिल सके।

# प्रगति ने पांच मेडल जीतकर पंजाब का शानदार इतिहास दोहराया: मजीठिया

**मजीठा (वार्ता)।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने रविवार को कहा है कि पंजाब के नौजवानों द्वारा खेलों में जीतने का शानदार इतिहास रहा है तथा प्रगति ने राष्ट्रीय खेलों में पांच मेडल जीतकर एक बार फिर से इतिहास को दोहराया है।

श्री मजीठिया यूथ अकाली दल के नेता अवतार सिंह गिल द्वारा आबादी होड़ी कस्बा मजीठा में पदक जीतकर आई प्रगति के सम्मान में रखे समागम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि यह बेहद खुशी तथा सम्मान वाली बात है कि प्रगति ने कर्नाटक में हुई राष्ट्रीय खेलों में वाटर स्पोर्टस के टाईएकिंग, कनोइंग तथा स्टीम इवैंट मुकाबलों में एक चांदी तथा चार कांस्य के पदक जीते हैं। उन्होने कहा कि प्रगति आबादी होड़ी कस्बा मजीठा की रहने वाली तथा उसके पिता श्री लाटू सिंह तथा मां श्रीमती रानी बहुत ही गरीब तथा साधारण व्यक्ति हैं। मजीठिया ने कहा कि बेशक सरदार लाट सिंह बेहद साधारण तथा गरीब हैं पर उन्होने प्रगति को खेलों में बढ़चढ़कर भाग लेने को प्रेरित किया तथा साधनों की कमी होने के बावजूद भी उसकी डटकर मदद की है। उन्होने बताया कि प्रगति ने अपनी मेहनत तथा बुलंदर हौसले से जहां अपने मां बाप का नाम रोशन किया, वहीं पूरे मजीठा हलके , माझे तथा पंजाब का नाम रोशन किया है। अकाली नेता ने कहा कि इस लड़की ने मुश्किल हालातों में अपना गांव छोड़कर सुलतानपुर लोधी में वेई नदी में प्रैक्टिस करके उपलब्धि हासिल की है, जिसकी जितनी प्रंशसा की जाए बहुत कम है।

उन्होने कहा कि वाटर स्पोटस जैसे खेल के लिए प्रैक्टिस करने के लिए पंजाब के गांवों में कोई सुविधा नही है। इसीलिए पंजाब सरकार को राज्य भर के गांवों तथा कस्बों में खिलाड़ियों के लिए ऐसी सुविधाओं के लिए उचित प्रबंधन किए जाने चाहिए , ताकि नौजवानों को इसका लाभ मिल सके तथा नौजवान खेलों की तरफ उत्साहित होकर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल कर सकें। उन्होने कहा कि जैसे चीन ने बहुत थोड़े समय में अपने खिलाड़ियों को सुविधाएं देकर ओलंपिक खेलों में उपलब्धियां हासिल की हैं, पंजाबी नौजवान भी यह उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं, बशर्तें कि सरकार उन्हे यह सुविधाएं उपलब्ध करवाए। इस अवसर पर सरदार मजीठिया ने अपने तथा विधायक गनीव कौर मजीठिया की ओर से 31 हजार रुपय प्रदान किए तथा कोच अमनदीप सिंह खेहरा को 21 हजार रुपये नकद प्रदान किए तथा उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अकाली नेता अवतार सिंह गिल द्वारा प्रगति को 11 हजार रुपये नकद देने की घोषणा की गई।

## अतंरराष्ट्रीय

# सप्ताहांत में 8,000 कदम की सैर से हो सकता है मौत का खतरा कम



**टोक्यो, (वार्ता)।** रोज-रोज सुबह की सैर या व्यायाम करने से जी चुराने वाले और अति व्यस्तता के कारण इसके लिए समय नहीं निकाल पाने वाले वालों के लिए जापान के एक शोधकर्ताओं ने अच्छी खबर सुनायी है कि केवल सप्ताहांत में दो दिन 8,000 कदम चलने से असामयिक मौत का खतरा कम किया जा सकता है। क्योटो यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन समेत कई संस्थानों के शोधकर्ताओं के समूह ने बताया कि जो लोग प्रति सप्ताह एक या दो दिन रोजाना कम से कम 8,000 कदम चलते हैं, उनमें 10 साल के बाद मौत के जोखिम में उतनी ही कमी देखी गयी, जितनी कि प्रति सप्ताह तीन से सात दिन तक चलने वाले लोगों में थी। अध्ययन हाल ही में अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जामा नेटवर्क ओपन मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ था। पिछले शोधों से पता चला था कि प्रतिदिन 8,000 कदम या उससे अधिक चलने से मौत का खतरा कम हो सकता है। यह हालांकि स्पष्ट नहीं था कि इतने कदम चलने में बिताये दिनों की संख्या के आधार पर जोखिम कैसे भिन्न हो सकता है। शोधकर्ताओं ने 2005 और 2006 के बीच किये गये एक अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया, जिसमें 20 या उससे अधिक उम्र के 3,101 लोगों द्वारा प्रतिदिन चले गये कदमों और 10 साल बाद मौत के जोखिम के बीच संबंध का अध्ययन किया गया। अध्ययन के अनुसार जो लोग एक या दो दिन और तीन से सात दिन में प्रतिदिन कम से कम 8,000 कदम चले, उनमें से तीन से सात दिन के समूह में मृत्यु दर 16.5 प्रतिशत कम दर्ज की गयी।

# रईसी ने मुस्लिम देशों से इजरायल के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान



**तेहरान, (वार्ता)।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने मुस्लिम देशों से इजरायल के खिलाफ फिलीस्तीनियों के समर्थन में एक एकजुट होने और सुसंगत मोर्चा बनाने का आह्वान किया है।

ईरान के राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार श्री रईसी ने रविवार को अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने से फोन पर बातकी और ने कहा कि ईरान और अल्जीरिया क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों, विशेष रूप से फिलिस्तीन मुद्दे और फिलिस्तीनियों के अधिकारों की सुरक्षा पर साझा रुख साझा करते हैं। वहीं, श्री अब्देलमदजीद ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मुस्लिम राज्यों के बीच सहयोग के माध्यम से फिलिस्तीन इजरायलियों से ₹मुक्तर₹ हो जाएगा। दौरान दोनों नेताओं की यह बातचीत पिछले हफ्ते लेबनान और गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी एन्क्लेव के साथ इजरायल की सीमाओं पर तनाव बढ़ने के बाद हुई। दक्षिणी लेबनान और गाजा के उग्रवादियों ने इजरायल पर रॉकेट दागे थे। वहीं इजरायल ने हवाई हमले का जवाब दिया। इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष में एक फ्लैशपॉइंट पवित्र स्थल, यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद परिसर में पिछले हफ्ते की शुरुआत में इजरायल के हमले के बाद नवीनतम दौर की वृद्धि हुई। इजरायली पुलिस दर्जनों फिलिस्तीनी उपासकों के साथ भिड़ गई। इजरायली पुलिस ने कहा कि ₹कई कानूनों को तोड़ने वाले युवकों₹ ने ₹दंगों को उकसाने के लिए₹ अल-अक्सा मस्जिद के अंदर खुद को कैद करने का प्रयास किया।

# मिस्र ने किया सीरिया में आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप को समाप्त करने का आह्वान

**काहिरा, (वार्ता)।** मिस्र ने रविवार को सीरिया की सुरक्षा एवं स्थिरता को बहाल करने के लिए सभी प्रकार के आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप को समाप्त करने का आह्वान किया। मिस्र के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री सामेह शौकरी ने सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन के साथ एक फोन कॉल के दौरान सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के अनुरूप, सीरिया में एक व्यापक राजनीतिक समाधान तक पहुंचने के लिए श्री पेडरसन के सभी प्रयासों को मिस्र का पूर्ण समर्थन दोहराया। संयुक्त राष्ट्र के दूत ने मिस्र को उसके योगदान और सीरियाई संकट को हल करने में किये जा रहे उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। बयान के अनुसार श्री शौकरी और श्री पेडरसन ने सीरियाई लोगों की पीड़ा कम करने के उपायों पर भी चर्चा की।

## छोटी खबरें

### हरियाणा सरकार एसकेयूवाई योजना के तहत 20 ब्लॉक का विकास करेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना (एसकेयूवाई) के पहले चरण के दौरान आठ जिलों में चिह्नित 20 पिछड़े ब्लॉक के विकास के लिए चालू वित्त वर्ष में लगभग 77 करोड़ रुपए खर्च करेगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना के तहत राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा बजट अनुमोदित किया गया था। मुख्य सचिव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पिछड़े ब्लॉक की पहचान करना है, जिसका विकास पहले से चली आ रही योजनाओं में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कौशल विकास कार्यक्रमों, कौशल विकास डिजाइन और विपणन सहायता के माध्यम से आजीविका के अवसरों में वृद्धि करना भी है। शनिवार को जारी बयान के अनुसार, यह पहल मौजूदा योजनाओं में विशेष घटकों के माध्यम से चिह्नित ब्लॉक के लिए धन का पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करेगी। मुख्य सचिव ने योजना के उद्देश्य का दायरा बढ़ाने और एसकेयूवाई के समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए हैं।

### टोरेंट गैस ने जूनागढ़ में सीएनजी की कीमत छह रु प्रति किग्रा घटाई

**जूनागढ़, (वार्ता)।** टोरेंट गैस ने गुजरात के जूनागढ़ में सीएनजी की कीमत छह रुपये प्रति किग्रा घटाई है। टोरेंट गैस की ओर से आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार टोरेंट गैस ने जूनागढ़ में सीएनजी के दाम में प्रति किग्रा छह रुपये की कटौती की है। सीएनजी पेट्रोल की तुलना में 47 प्रतिशत सस्ती हो जाएगी। जबकि पीएनजी की कीमत चार रुपये प्रति एससीएम घटाई है। एलपीजी की तुलना में पीएनजी अब 28 प्रतिशत तक सस्ती होगी। नई दरें आज शाम से ही लागू की गई है। उल्लेखनीय है कि टोरेंट गैस के जूनागढ़ में प्रमुख स्थानों और राजमार्गो पर 17 सीएनजी स्टेशन हैं।

### देश के कपास उत्पादन में 30 फीसदी हिस्सा गुजरात का: पटेल

**अहमदाबाद (वार्ता)।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को कहा कि देश के कुल कपास उत्पादन का 30 फीसदी हिस्सा गुजरात में होता है। इतना ही नहीं टेक्निकल टेक्सटाइल में गुजरात का योगदान 25 फीसदी से भी अधिक है। पटेल ने यह बात आज अहमदाबाद में गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) की ओर से आयोजित टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने भारत को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प में योगदान देने में गुजरात के समग्र टेक्सटाइल उद्योग को आगे रखने की मंशा व्यक्त की है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि देश के कुल कपास उत्पादन का 30 फीसदी हिस्सा गुजरात में होता है। इतना ही नहीं टेक्निकल टेक्सटाइल में गुजरात का योगदान 25 फीसदी से भी अधिक है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य भर के टेक्सटाइल एवं आनुषंगिक उद्योगों का विवरण एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने वाली ई-डायरेक्टरी को भी लॉन्च किया। उन्होंने लगभग आठ हजार ऐसे उद्योगों की सूची और संपर्क को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के इस दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात नीति संचालित राज्य (पॉलिसी ड्रिवन स्टेट) की ख्याति के साथ वाइब्रेंट समिट की सफलता से देश और दुनिया के निवेशकों के लिए निवेश की पहली पसंद वाला राज्य बना है। ऐसी प्रोत्साहक नीतियों और व्यापार अनुकूल माहौल के परिणामस्वरूप गुजरात देश के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में आठ फीसदी से अधिक और इंडस्ट्रियल आउटपुट में 18 फीसदी से अधिक का योगदान देता है।

# अयोध्या में राम मंदिर को भव्यता प्रदान करेंगे पंचदेव मंदिर , वनवास काल की विभूतियों को मिलेगा स्थान



**नई दिल्ली।** अयोध्या में निर्माणाधीन राममंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए परिसर में गणेश, हनुमान, सूर्य, मां भवानी और महादेव के पंचदेव मंदिर के साथ-साथ श्रीराम के वनवासकाल की चर्चित विभूतियों, यथा-जटायू, माता शबरी, निषादराज, को भी स्थान मिलेगा।

रामनवमी के अवसर पर रामलला की प्रतिमा पर सूर्य की किरणें सीधी पहुंचे, इसके लिए अंतरिक्ष विभाग एवं अन्य संस्थाओं के वैज्ञानिकों के साथ काम किया जा रहा है और इसके अनुरूप यह भी तय किया जा रहा है कि मूर्ति की ऊंचाई क्या होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने पीटीआई-भाषा को बताया, पंचदेव मंदिर की नींव पड़ चुकी है। इसका निर्माण प्रथम चरण में ही किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु भगवान राम की अर्चना करने के बाद पंचदेवों का दर्शन एवं परिक्रमा करके विधिवत रूप से अपनी पूजा पूरी कर सकें। उन्होंने बताया कि पंचदेव मंदिर का निर्माण परकोटे में किया जाएगा, जिसमें भगवान सूर्य के अलावा गणेश, मां भवानी, भगवान शंकर, हनुमान जी के मंदिर स्थापित होंगे तथा रामलला की रसोई में उत्तर दिशा में मां अन्नपूर्णा के विग्रह की स्थापना होगी।

चौपाल ने बताया कि मंदिर निर्माण के दूसरे एवं तीसरे चरण में ऋषि अगस्त्य, ऋषि विश्वामित्र, ऋषि वशिष्ठ, महर्षि वाल्मीकि और देवी अहिल्या के अलावा वनवास के दौरान भगवान राम के संपर्क में आई विभूतियों, यथा-जटायू, माता शबरी, निषादराज को भी जगह मिलेगी, जिनका निर्माण कार्य 2025 तक पूरे होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए एक मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया गया है। न्यास के एक अन्य सदस्य परमानंद गिरि जी महाराज ने मंदिर निर्माण की प्रगति के बारे में बताया कि राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है और दिसंबर 2023 तक प्रथम चरण का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके बाद जनवरी 2024 में जब सूर्य उत्तरायण में होगा, तब किसी शुभ तिथि को गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के एक अन्य न्यासी ने बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण में आते हैं, ऐसे में आचार्यों और ज्योतिषियों से परामर्श करके शुभ मुहूर्त तय किया जाएगा, जो जनवरी के तीसरे या चौथे सप्ताह का हो सकता है। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भूतल के खम्भों के ऊपर बीम रखने का कार्य प्रारम्भ हो गया है और कुछ बीम रख भी दिए गए हैं। वहीं, चौपाल ने बताया कि राम मंदिर में करीब 400 खम्भे होंगे, जिनमें भूतल पर करीब 160 खम्भे और प्रथम तल पर 132 खम्भे होंगे। उन्होंने बताया, खम्भे का निर्माण काफी महीन एवं जटिल काम है, क्योंकि प्रत्येक खम्भे पर 14-16 मूर्तियों को उकेरा जा रहा है।

चौपाल ने बताया कि रामनवमी पर रामलला की प्रतिमा पर सूर्य की किरणें सीधी पहुंचे, इसके लिए अंतरिक्ष विभाग एवं अन्य संस्थाओं के वैज्ञानिकों के साथ काम किया जा रहा है और इसके अनुरूप यह भी तय किया जा रहा है कि मूर्ति की ऊंचाई क्या होगी।

उन्होंने कहा कि रामनवमी आमतौर पर मार्च के अंत में होता है, ऐसे में यह देशभर के श्रद्धालुओं के लिए सुंदर अवसर रहेगा।

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से पूरा हो रहा बाल ठाकरे का सपना : शिंदे

**अयोध्या, (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे और राम लला के दर्शन किए।

शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर काबिज होने के बाद पहली बार अयोध्या दौरे पर आए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण का सपना अब पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अयोध्या की मिट्टी को अमरावती लेकर जाएंगे और वहां बजरंगबली की 111 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करेंगे। अयोध्या में सुबह रामकथा हेलीपैड पर उतरे शिंदे ने रामलला के दर्शन किए। उन्होंने कहा, हम लोगों ने अयोध्या में राम लला के दर्शन किए और मंदिर निर्माण का काम भी देखा। मुझे खुशी है कि हम इस बार प्रभु रामचंद्र जी का धनुष-बाण (शिवसेना का चुनाव चिन्ह) लेकर आए हैं। शिंदे ने कहा, सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि हमारे हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे का जो सपना था, लाखों-करोड़ों राम भक्तों का जो सपना था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, वह अब पूरा हो रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, सभी को लगता था कि राम मंदिर का निर्माण कैसे होगा। पहले कुछ लोग कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबको झुठला दिया है और राम मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा, मंदिर भी बन रहा है और मोदी ने तारीख भी बता दी है। यही नहीं, जो लोग पूछ रहे थे, उन्हें घर का रास्ता भी दिखा दिया है। मैं आप सबको धन्यवाद दूंगा कि राम मंदिर का सपना अपनी आंखों के सामने पूरा होते दिखाई दे रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और इस राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## उप्र : कतर्नियाघाट अभयारण्य के निकट रहने वाले सैकड़ों बच्चों का

**बहराइच (उप्र)।** यहां के कतर्नियाघाट वन्य जीव अभयारण्य में वन विभाग और सामाजिक संगठनों के सहयोग से चलाई जा रही मोगली पाठशाला जंगल से सटे रिहायशी इलाकों में रहने वाले बच्चों की जिंदगी में तालीम की रोशनी ला रही है।

अपनी तरह की इस अनूठी पाठशाला में बच्चों को प्रोजेक्टर, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल, टीवी स्क्रीन वगैरह पर दिलचस्प एवं मनोरंजक ढंग से आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। साथ ही उनकी निरंतर काउंसिलिंग कर उन्हें सामान्य शिक्षा के साथ जंगल एवं प्रकृति के महत्व, जंगल से उनके रिश्ते तथा जानवरों के बारे में बताते हुए जंगल से दोस्ती का पाठ पढ़ाया जा रहा है। ब्रिटिश लेखक रुडयार्ड किपलिंग के उपन्यास द जंगल बुक का पात्र मोगली जब 1990 के दशक में जापानी टीवी एनीमेशन सीरीज द जंगल बुक शोनेन मोगली में जीवंत होकर उभरा तो उसका किरदार लोगों में खूब मशहूर हुआ था। इस अनूठी पाठशाला के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) आकाशदीप बधावन ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया, वन्य क्षेत्रों और उसके आस-पास बहुत से समुदाय रहते हैं जिनका जीवन जंगल पर निर्भर है और ए कहीं न कहीं हाशिए पर रह रहे समाज से आते हैं। अभयारण्य के मोतीपुर और बर्दिया क्षेत्र में संचालित दो मोगली स्कूलों में इन इलाकों के करीब 350 बच्चे अध्ययनरत हैं। अभी हम इसे एक ट्यूशन सेंटर की तरह संचालित कर रहे हैं। फिर भी हमारे यहां मोतीपुर में लगभग 150 और बर्दिया में करीब 200 बच्चे पढने आते हैं।

उन्होंने बताया, जंगल से सटे रिहायशी इलाकों के ए बच्चे कभी लकड़ी बीनने तो कभी खेल-खेल में घने जंगल में चले जाते थे। कभी कभार इनका खतरनाक वन्यजीवों से सामना होता था। अब मोगली स्कूल में जाने वाले बच्चे इन सबसे बचे हुए हैं। बच्चों के माता-पिता भी जागरूक हो रहे हैं और उनका भी हमें खूब समर्थन मिल रहा है।

## फर्जी खबरों की पहचान के लिए नियमों में संशोधन पर परामर्श जारी है : रीजीजू



**बडगाम।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि फर्जी और झूठी खबरों की पहचान से संबंधित नियमों में संशोधन परामर्श प्रक्रिया के तहत है लेकिन इन्हें लागू करने से पहले काफी विचार-विमर्श की जरूरत है।

कानूनी सहायता कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम पूरी चुनाव प्रक्रिया में कुछ खास संशोधन करने पर विचार कर रहे हैं। मैं कोई वादा नहीं कर सकता क्योंकि यह परामर्श प्रक्रिया है जो जारी है। इसलिए फर्जी खबरें, झूठी खबरें और तथ्यों के साथ छेड़छाड़..ए सभी महत्वपूर्ण बातें हैं जिन पर काफी चर्चा की जरूरत है। हम वह कर रहे हैं।

इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिक संहिता) संशोधन नियमावली 2023 अधिसूचित की है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने के लिए विपक्ष में एकता संबंधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आह्वान पर केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने कहा कि यह बस सत्तारूढ़ दल की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि भाजपा बहुत मजबूत है।

जब उनसे पूछा गया कि जम्मू कश्मीर में चुनाव कब होंगे, रीजीजू ने कहा, यहां तारीखों को लेकर मैं कुछ नहीं बता सकता। क्योंकि मैं कानून एवं न्याय मंत्री हूं। इसलिए मैं यहां कोई घोषणा नहीं कर सकता। चुनाव की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने दुधाधारी अंडर पास हल्के वाहनों के लिए खुलवाने के लिए किया प्रदर्शन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो





**हरिद्वार।** दुधाधारी अंडर पास खुलवाने के लिए कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष नितिन यादव यदुवंशी के नेतृत्व में हरिद्वार महानगर व युवा कांग्रेस ने दुधाधारी चौक पर हरिद्वार प्रशासन के खिलाफ धरना दिया व रास्ता खुलवाया। महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी व कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा प्रशासन द्वारा कुछ दिन पहले दुधाधारी अंडर पास का रास्ता बंद करवा दिया दिया था जिससे क्षेत्रवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आज सभी कांग्रेसी साथियों के विरोध के बाद पुलिस प्रशासन ने हल्के वहां रेड़ी रिक्शा बाइक के लिए दो तरफ से रास्ता खोल दिया। पुलिस को भी संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है जिससे जनता परेशान न हो।

**युवा कांग्रेस जनता के हित की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है, और अंडर पास कट के बंद होने विरोध भी सबसे पहले कांग्रेस ने किया था।**

कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष नितिन यादव यदुवंशी व युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष तुषार कपिल ने कहा पुलिस प्रशासन को बिना किसी रूट प्लान के जनता को परेशान नही करना चाहिए। युवा कांग्रेस जनता के हित की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है, और अंडर पास कट के बंद होने विरोध भी सबसे पहले कांग्रेस ने किया था। जनता को परेशानी न हो इसलिए कांग्रेस सड़क पर संघर्ष कर रही है। एनएसयूआई के शहर महासचिव यागिक वर्मा व युवा कांग्रेस के जिला महासचिवशुभम जोशी ने कहा प्रशासन ट्रैफिक के नाम पर लोकल जनता को परेशान कर रहा है। जनता को अंडर पास कट बंद होने से कई किलो मीटर घूम कर आना पड़ रहा है। आज रास्ता खुल जाने से जनता को राहत मिलेगी। धरने प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, विमल साटू, मधुकांत गिरी, ऋषभ वशिष्ठ, धीरज झा अजय गिरी ओम मलिक एकलव्य गोस्वामी शंकर अग्रवाल, अनुज माहेश्वरी, विक्की कोरी, अमित गुप्ता पवन पांडे, आदि उपस्थित थे।



# जय भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेसजनों की बैठक हुई सम्पन्न

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** आज नवोदय नगर में जय भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेस जनों की बैठक आहूत की गई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजवीर चौहान, ओपी चौहान, वीएस तेजियान आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर राजवीर चौहान जी ने कहा कि आज देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है, पूरी भाजपा अडानी को बचाने में लगी हुई है ।आज भी सवाल वही है कि सैल कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके हैं , और एक षड्यंत्र के तहत भाजपा के द्वारा राहुल गांधी जी को फसाया गया जिसकी घोर निंदा करते हैं ।आज उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड हुआ उस पर सरकार बेशर्मी से चुप है, क्योंकि भाजपा वीआईपी को बचाने में लगी हुई है। महंगाई चरम सीमा पर है ,बेरोजगारी चरम सीमा पर है ।पेपर लीक, भर्ती घोटालों में सारे भाजपा के नेता फंसे हुए हैं।

बिजली-पानी सभी उत्तराखंड में महंगा हो चुका है। गैस सिलेंडर महंगा हो चुका है ,लेकिन दुर्भाग्य है उत्तराखंड का कि यहां पर धामी सरकार द्वारा शराब सस्ती की जा रही है । उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष नवोदय नगर सूखी नदी में बाढ़ आई थी, जब जिलाधिकारी से मिले और उन से अनुरोध किया कि यहां पर तटबंध बनाया जाए लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा तटबंध बनाने की जगह खनन कर दिया गया और 20 मीटर गहरा खनन कर दिया गया ।यह सरकार आपदा में अवसर ढूढती है ।जिससे पूरा नवोदय नगर आज खतरे की जद में है । इस अवसर पर दिनेश पांडे ने कहा कि नवोदय नगर मे 10 साल सांसद को हो गये, लेकिन नवोदय नगर में आजतक ढंग की पेयजल व्यवस्था नहीं है, और ना ही ओवर हैड टैंक बन पाया।

सुमन पार्क सौदर्यीकरण के नाम पर बजट को ठिकाने लगाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने नवोदय नगर की हर समस्या ( पैयजल, खनन ) आवाज उठाने वालै नवोदय नगर के कारयकरताओ / साथियों का अभिनंदन भी किया। और आश्वस्त किया कि कांग्रेस संगठन अपने कारयकरताओ के साथ खड़ा है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जनो द्वारा आह्वान किया कि कांग्रेस जन घर-घर जाएं और जनता को इनकी विफलताओं इनकी कुरीतियों के बारे में बताएं।

इस अवसर पर कैलाश प्रधान, अमित नोटियाल, कपिल राणा, कुंवर सिंह बिष्ट, दिनेश चंद पांडे ,जयकिशन न्यूली, अभिषेक शर्मा ,महावीर रावत ,मनोज कोटनाला, वीरेंद्र बिष्ट, प्रवीन रावत ,नरेंद्र चौहान ,दिनेश पशमोला, मनोहर रावत, जीवन सिंह नेगी, दीपक गुसाईं, संजीव झा आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।




# महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को किया गोल्ड मेडल देकर सम्मानित

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सात्वना सिंह बी.ए., दीपिका शर्मा बी.कॉम., भावना बी.एससी. पीसीएम, नैन्सी उप्रेती बी.एससी. कम्प्यूटर साईंस, गणेश गौड़ बी.एससी. सीबीजेड, पूजा विश्वकर्मा एमए. अर्थशास्त्र, श्रेया कौशिक एम.ए. अंग्रेजी, स्वाति त्यागी एम.ए. राजशास्त्र, मनीषा एम.ए. समाजशास्त्र, श्रेया गुप्ता एम.कॉम. को गोल्ड मैडल प्रदान किया गया। वहीं पुराने वर्षों की पूनम रानी को एम.ए. अर्थशास्त्र, हिमानी रानी को एम.ए. अंग्रेजी, नेहा कुमारी को एम.ए. समाजशास्त्र, युक्ति धीमान को बीएससी पीसीएम तथा धर्म देवी को एम.ए. राजशास्त्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मैडल प्रदान किया किया।

महाविद्यालय के तीन कर्मचारी राजकुमार, डॉ. विजय शर्मा तथा सुशील कुमार को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न छात्रा-छात्राओं ने अपराजिता, अर्शिका, गौरव बंसल, अंजली गोत्रा, गरिमा राजपूत, सिमरन, नितिशा अग्रवाल, महेश कुमार, जौनी कश्यप, नंदिनी, जतिन कुमार व प्रिया को समय पर अपनी विशिष्ट प्रतिभाओं का उत्कृष्टता के साथ प्रदर्शन करने पर विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। सोनी टीवी पर प्रसारित कार्यक्रम इंडिया बेस्ट डांसर के रूप में प्रतिभाग करने वाली हरिद्वार की कु. हसंवी टॉक को महिला सशक्तिकरण के प्रतिनिधित्व के रूप में कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष महन्त रविन्द्र पुरी महाराज डॉ सुनील कुमार बत्रा, डॉ महाबीर सिंह रावत, सी डी सूंठा, एवं राज्य सभा सांसद नरेश बंसल द्वारा सम्मानित किया गया।

## गुमशुदा की तलाश



**नाम** - सुमित सिंह
उम्र - 70
निवासी - सुभाष नगर ज्वालापुर हरिद्वार

यह व्यक्ति 31 मार्च से ज्वालापुर से लापता है। आखिरी बार इन्हे कटहरा बाजार ज्वालापुर में देखा गया है तब से इनका कुछ पता नहीं है। कृपया इन्हे ढूंढने में मदद करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

**संपर्क सूत्र :** 7895107103 / 7617779992 तरसेम (पुत्र)

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com